24 -10-2026_Layout 1 25-10-2026 00:35 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 281 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, रविवार 25 अक्तूबर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

INNOCENT HEARTS SCHOOL
Learning Today... Leading Tomorrow !
Nursery to Grade-12
(Affiliated to CBSE)
1800 833 4600 www.innocenthearts.in

ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28
REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026
*Seat availability as per the vacancy at respective campuses

NURSERY, LKG & UKG
Our Campuses in Jalandhar*
GMT Green Model Town
LOHARAN Nakodar Road
DIWALI Cantt.- Jandiala Road
NOORPUR Pathankot Road
KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road



जालंधर में पटाखा मार्केट पर कोर्ट की रोक!

राओवाली में नहीं लगेगी मार्केट?



सरपंच व पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से विरोध किया जा रहा था

- **लोगों ने इस मामले को लेकर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपा था**
- **पठानकोट रोड पर मार्केट में ट्रैफिक जाम की समस्या बन सकती**
- **हल नहीं मिलने पर गांववासियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया**

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः दिवाली से पहले जालंधर में पटाखा मार्केट लगाने को लेकर विवाद गहरा गया है। इस बार प्रशासन की ओर से पठानकोट रोड स्थित गांव राओवाली में पटाखा मार्केट लगाने के लिए जगह आवंटित की गई थी। हालांकि, सरपंच और पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से इसका विरोध किया जा रहा था। मामले को लेकर गांववासियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और प्रस्तावित जगह पर पटाखा मार्केट लगाने पर रोक लगाने की मांग की। गांववासियों ने इस मामले को लेकर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन कोई समाधान नहीं निकलने पर उन्होंने अदालत का रुख किया। अदालत ने पटाखा मार्केट लगाने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है और संबंधित जगह पर मार्केट लगाने को अवैध करार दिया है। सरपंच जसबीर सिंह राणा ने बताया कि उन्हें खबर प्रकाशित होने के बाद पता चला कि उक्त जगह पर पटाखा मार्केट लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गांववासियों को पहले इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी थी। अगर उन्हें समय रहते जानकारी मिल जाती, तो वे पहले ही विरोध दर्ज करवा सकते थे।



किसी बड़े हादसे का पैदा हो सकता खतरा

सरपंच और गांववासियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से जिस जगह को पटाखा मार्केट के लिए आवंटित किया गया था, उसके आसपास दो पेट्रोल पंप मौजूद हैं। ऐसे में पटाखा मार्केट लगने से किसी बड़े हादसे का खतरा पैदा हो सकता है। इसके अलावा, मार्केट लगने से पठानकोट रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ सकती है, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

फिलीपींसः दो विमान आपस में टकराए, हादसे में 4 पायलटों की मौत


दोनों विमान SF-260 मॉडल के ट्रेनर एयरक्राफ्ट

- **दोपहर 3:51 बजे फर्नांडो एयर बेस के अंदर गिरे**
- **वहीं जमीन पर अन्य व्यक्ति को नुकसान नहीं हुआ**
- **स्स्र-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी गई है**

जालंधर सिटी लाइव

मनीला। फिलीपींस की राजधानी मनीला के दक्षिण में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान दो विमान आपस में टकरा गए। सेना ने शनिवार को जानकारी दी कि इस हादसे में प्लेन में सवार 4 पायलट की मौत हो गई है। दोनों विमान SF-260 मॉडल के ट्रेनर एयरक्राफ्ट थे जो दोपहर 3:51 बजे फर्नांडो एयर बेस के अंदर गिरे और हादसे का शिकार हुए। पीएएफ के आधिकारिक बयान के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार को बटांगस प्रांत स्थित फर्नांडो एयर बेस पर चल रही ट्रेनिंग के दौरान हुआ। दोनों विमान हवा में ही आपस में टकरा गए। विमान एयर बेस परिसर के भीतर ही गिरे, जिससे जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा।





SF-260 विमानों की उड़ान पर रोक

इस साल हवा में विमान टकराने का यह पांचवा बड़ा हादसा है। हादसे के बाद फिलीपींस वायुसेना ने स्स्र-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। यह रोक जांच पूरी होने तक जारी रहेगी। वायुसेना ने हादसे की वजह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

25 अक्टूबर को पंजाब के गांवों और शहरों में फूंके जाएंगे झाड़ू!

- **परविंदर झोटा मामले में इंसाफ कमेटी का ऐलान, मुख्यमंत्री और डीजीपी के इस्तीफे की मांग पर अड़ा परिवार**

जालंधर सिटी लाइव



मानसा। परविंदर सिंह झोटा मामले को लेकर पंजाब में विरोध तेज करने की तैयारी है। इंसाफ कमेटी और एक्शन कमेटी ने 25 अक्टूबर को राज्यभर के गांवों और कस्बों में रोष प्रदर्शन करते हुए सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के चुनाव चिह्न झाड़ू को फूंकने का ऐलान किया है। कमेटी ने लोगों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। कमेटी के ऐलान के अनुसार, 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक विभिन्न स्थानों पर विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। परिवार और कमेटी की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव के इस्तीफे शामिल हैं। सरकार की ओर से गठित तीन सदस्यीय पैनल के साथ बातचीत के बावजूद प्रमुख मांगों पर सहमति नहीं बन पाई। कमेटी का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस फैसला नहीं लिया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। परिवार ने मांगें पूरी होने तक पोस्टमार्टम नहीं करवाने का भी रुख दोहराया है।

परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड में परिवार की 12 मांगें मानीं पंजाब सरकार, महज दो मांगों पर अड़ा पेंच

जालंधर सिटी लाइव

मानसा। मानसा में एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड में एक्शन कमेटी और SIT टीम के बीच मीटिंग हुई। इस मीटिंग में SIT परिवार और एक्शन कमेटी की 14 में से 12 मांगों को मानने के लिए तैयार हो गई पर मुख्यमंत्री भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव के इस्तीफे की मांग को मानने से इनकार कर दिया है। SIT की ओर से एक्शन कमेटी को इन मांगों के संबंध में लिखित पत्र भी सौंपा गया है। अब एक्शन कमेटी ने मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में पोस्टमार्टम और शव को चंडीगढ़ भेजने के लिए फैसला लिया जा सकता है। वहीं परविंदर झोटा हत्याकांड के मुख्य आरोपी अश्विनी कुमार को मोहाली की CBI कोर्ट में पेश किया गया। यहां उसे 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। रिमांड के दौरान CBI की टीम अश्विनी कुमार से इस मामले में गहनता से पूछताछ करेगी।



फार्मेसी काउंसिल ने रजिस्ट्रेशन रद्द किया

पंजाब फार्मेसी काउंसिल की कार्यकारी कमेटी ने 20 अक्टूबर को हुई बैठक में अश्विनी कुमार का फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन रद्द करने का फैसला लिया। इसके बाद 22 अक्टूबर को रजिस्ट्रार ने इस संबंध में पत्र जारी किया। अश्विनी का नाम पंजीकृत फार्मासिस्टों के रजिस्टर से हटा दिया गया है।

रिश्वत के मामले में विजिलेंस का एक्शन!

लुधियाना में तैनात महिला एएसआई को रिश्वत मामले में साथी समेत किया गिरफ्तार

जालंधर सिटी लाइव

लुधियाना। विजिलेंस ने लुधियाना में तैनात महिला ASI लखविंदर कौर को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। एक मामले के निपटारे के लिए डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसके साथ ही सुखजीत कौर नाम की महिला को भी पकड़ा है। सुखजीत कौर पर 60 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है। दोनों के खिलाफ विजिलेंस ने भ्रष्टाचार के तहत केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ASI लखविंदर कौर ने एक मामले के निपटारे के लिए डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। ASI को विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जिसके बाद स्ढ्ढ को विजिलेंस ने 2 सरकारी गवाहों की मौजूदगी में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।





सुखजीत कौर ने मांगे थे 60 लाख

वहीं सुखजीत कौर को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है। सुखजीत कौर पर 60 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस की टीम ने सुखजीत कौर को भी गवाहों की मौजूदगी में गिरफ्तार कर लिया है। अब दोनों पर भ्रष्टाचार के तहत केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है॥

यूके में रह रहे कुल्हड़ पिज्जा कपल फिर चर्चा में, 'मैं रहूं या न रहूं, मेरे परिवार को परेशान मत करो : सहज अरोड़ा

- **यूके में रह रहे सहज अरोड़ा ने अस्पताल से एक भावुक अपील**

जालंधर सिटी लाइव

मशहूर कुल्हड़ पिज्जा कपल एक बार फिर चर्चा में है। यूके में रह रहे सहज अरोड़ा ने अस्पताल से एक भावुक अपील की है। सहज के मुताबिक, वह अस्पताल में भर्ती हैं और उनका एक ऑपरेशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने शरीर में ट्यूमर होने की आशंका जताई है। हालांकि, इस संबंध में अभी किसी अंतिम मेडिकल रिपोर्ट की पुष्टि सामने नहीं आई है। अस्पताल से लोगों को संबोधित करते हुए सहज अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनकी जिंदगी कितनी बची है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब उनके परिवार को ट्रोल करना बंद कर दिया जाए। खास तौर पर उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर और बच्चों को निशाना न बनाया जाए। सहज ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं चाहा था कि उन्हें इस तरह की बदनामी या विवादों के कारण पहचान मिले। उनके मुताबिक, पिछले तीन सालों से उनका परिवार बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहा है और अब वह लोगों की बातें सुनकर थक चुके हैं। सहज ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह आगे जिंदगी में रहेंगे या नहीं, लेकिन उनकी पत्नी और बच्चों को अब परेशान करना बंद किया जाए। ब्लैकमेलिंग के मामले में सहज ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि इस पूरे मामले में कौन-कौन लोग शामिल थे। वह अब सिर्फ अपने परिवार के लिए शांति चाहते हैं।



विवादों के कारण सुर्खियों में कुल्हड़ पिज्जा कपल

बता दें कि जालंधर के सहज अरोड़ा और गुरप्रीत कौर सोशल मीडिया पर 'कुल्हड़ पिज्जा कपल' के नाम से मशहूर हुए थे। यह जोड़ा कई विवादों के कारण सुर्खियों में रहा। एक निजी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कपल को लंबे समय तक ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब सहज अरोड़ा की अस्पताल से की गई अपील के बाद यह मामला फिर चर्चा में है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि पुराने विवादों को लेकर उनकी पत्नी और बच्चों को निशाना न बनाया जाए और परिवार को अपनी जिंदगी शांति से जीने दिया जाए।

भारत को आखिरी ओवर में वर्मा' जी ने लगाया जीत का 'तिलक', नीतीश रेड्डी का मिला साथ, कीवी टीम को हराया

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 5 विकेट खोकर 180 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए

- **खराब शुरुआत और तनावपूर्ण क्षणों के बावजूद भारत ने शानदार वापसी की**

जालंधर सिटी लाइव

भारत ने दूसरे टी20 में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया है। खराब शुरुआत और तनावपूर्ण क्षणों के बावजूद भारत ने शानदार वापसी की और कीवी टीम के हाथों से जीत छीन ली। भारत की जीत के सिपहसालार रहे तिलक वर्मा ने टीम के लिए जीत का तिलक लगाया और नितीश रेड्डी के साथ नाबाद साझेदारी की बदौलत आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। बता दें मैच से पहले कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया था। इसके बाद न्यूजीलैंड ने फिलिप्स और जैकब्स की दमदार पारियों की वजह से भारत के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टिम साइफर्ट सिर्फ सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद फिन एलन को प्रिंस यादव ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। तीन नंबर पर बल्लेबाजी करने आए डेरिल मिचेल भी कुछ खास नहीं कर पाए। वो 6 रन बनाकर भुवनेश्वर कुमार का शिकार हुए। भुवी ने चार साल बाद भारत के लिए विकेट निकाला। भारत की ओर से सबसे ज्यादा दो विकेट अर्शदीप सिंह ने लिए। पहले मैच की तरह एक बार फिर ग्लेन फिलिप्स और बेवन जैकब्स ने टीम के लिए शानदार पारी खेली। फिलिप्स और जैकब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 76 गेंदों में 116 रनों की शानदार साझेदारी हुई। फिलिप्स ने 43 गेंदों में चार चौकों और छक्कों की बदौलत 70 रनों की पारी खेली। वहीं जैकब्स ने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 46 गेंदों में 58 रन बनाए, जिसकी वजह से न्यूजीलैंड ने पांच विकेट खोकर 180 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन सस्ते में आउट हो गए. इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए वैभव सूर्यवंशी भी 4 रन ही बना सके. शीर्ष क्रम के जल्दी पवेलियन लौटने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने भी अपने विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए।



तिलक ने अर्धशतक की बदौलत पलटी बाजी

अंत के ओवरों में नीतीश रेड्डी और तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और सातवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 69 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को जीत दिलाई। तिलक ने 26 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी 13 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने चार ओवरों में 21 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

CMYK

24 -10-2026_Layout 1 25-10-2026 00:35 Page 2

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS
ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)
HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)
PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry
LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.
POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication
MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management
DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)
MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing
INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA
NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)
ADMISSION OPEN
ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing
TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.
/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे परविंदर झोटा के घर, बोले- नशे पर लगाम लगाए सरकार

- झोटा के परिवार से पोस्टमार्टम करवाने की अपील भी की गई
- नशा कारोबार पर चिंता जता सख्ती से रोक लगाने की अपील

राकेश टिकैत ने उनके लिए इंसाफ की मांग का समर्थन किया

जालंधर सिटी लाइव



मानसा। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसान नेता राकेश टिकैत मानसा पहुंचे। यहां उन्होंने नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले दिवंगत परविंदर सिंह झोटा के परिवार से मुलाकात की और उनके लिए इंसाफ की मांग का समर्थन किया। टिकैत ने पंजाब में नशे के बढ़ते कारोबार पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से इस पर सख्ती से रोक लगाने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में बनी नशीली कैप्सूल उत्तर प्रदेश तक पहुंच रही हैं। राकेश टिकैत ने पंजाब सरकार से नशे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि अगर पंजाब ही बीमार हो गया, तो सरकार किस पर राज करेगी? पंजाब में तैयार होने वाली नशीली कैप्सूल उत्तर प्रदेश तक पहुंच रही हैं। नशे की सप्लाई गुजरात और नेपाल के रास्ते भी हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले पर गंभीरता से ध्यान देने की अपील की।

झोटा के परिवार से पोस्टमार्टम करवाने की अपील

राकेश टिकैत ने परविंदर सिंह झोटा के परिवार से पोस्टमार्टम करवाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जा सकेगा। गौरतलब है कि परविंदर सिंह झोटा की 13 अक्टूबर को मानसा में हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार का इंसाफ की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी है। शनिवार को धरने का 13वां दिन था।

पाकिस्तान में गहराया रसोई गैस का संकट

12 किलो सिलेंडर की कीमत पहुंची 7000 रुपए

ईरान से एलपीजी की सप्लाई बाधित, कीमतों में अचानक बड़ा उछाल आया

जालंधर सिटी लाइव



पाकिस्तान में रसोई गैस की कीमतों में अचानक बड़ा उछाल आया है। ईरान से **रसद** की सप्लाई बाधित होने के बाद 12 किलो के सिलेंडर की कीमत कुछ ही दिनों में 4500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 7000 रुपए तक पहुंच गई है। गैस की कीमतों में इस बढ़ोतरी से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पाकिस्तान अपनी **रसद** की जरूरत का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है। ऐसे में सप्लाई रुकने का असर सीधे बाजार में कीमतों पर दिखाई दे रहा है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान को ईरान से होने वाली **रसद** की सप्लाई फिलहाल बाधित है। दोनों देशों के बीच दो अहम सीमा चौकियां 17 अक्टूबर से बंद हैं। सीमा बंद होने के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। सीमा चौकियां बंद करने को लेकर पाकिस्तान और ईरान ने अलग-अलग कारण बताए हैं। पाकिस्तान की ओर से सीमा चौकियां बंद करने के पीछे सुरक्षा संबंधी चिंताओं और तस्करी पर रोक लगाने को वजह बताया गया है। वहीं, ईरान ने सीमा बंद होने के लिए तकनीकी कारणों का हवाला दिया है। दोनों देशों के बीच सीमा पर आवाजाही और सप्लाई प्रभावित होने से पाकिस्तान में **रसद** की उपलब्धता पर दबाव बढ़ गया है।

एलपीजी की जरूरत का आधा हिस्सा ईरान से आता है

पाकिस्तान अपनी कुल **रसद** जरूरत का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है। ऐसे में ईरान से सप्लाई रुकने का असर गैस बाजार पर तेजी से पड़ा है। 12 किलो के सिलेंडर की कीमत कुछ ही दिनों में 4500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 7000 रुपए हो गई है। कीमतों में इस भारी बढ़ोतरी से घरेलू उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है।

लुधियाना में पहले घर में घुसकर काटा युवक का हाथ, फिर दुकानदार से कहा- पड़ोसियों तक पहुंचा देना!

- यह पूरी घटना लुधियाना में रेडू साहिब गुरुद्वारा साहिब के पास की है
- वे कटे हाथ को लिफाफे में डालकर करियाने के दुकानदार को दे गए

लुधियाना से शरीर के रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना। लुधियाना से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां बदमाशों ने एक घर में घुसकर युवक का तेजधार हथियार से उसका हाथ काटकर अलग कर दिया। हमलावर यहां भी नहीं रुके, इसके बाद वे कटे हाथ को लिफाफे में डालकर करियाने की दुकान पर ले गए और दुकानदार को कहा इसे युवक के घर पहुंचा देना। जब दुकानदार ने लिफाफा देखा तो उसके होश ही उड़ गए, क्योंकि उसमें कटा हुआ हाथ था। यह पूरी घटना लुधियाना में रेडू साहिब गुरुद्वारा साहिब के पास की है। इस घटना के कारण आस-पास लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई। वहीं घायल की पहचान शक्ति सिंह उर्फ भूरा के रूप में हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस जांच में जुटी है। बागी स्टैंड पर स्थित एक करियाना स्टोर पर दुकानदार रोजमर्रा की तरह अपनी दुकानदारी कर रहा था। तभी एक बाइक सवार अज्ञात युवकों ने दुकानदार की तरफ एक सफेद रंग का लिफाफा बढ़ाते हुए कहा कि यह लिफाफा अपने पड़ोसियों को सौंप देना और उन्हें यह संदेश भी दे देना कि अगर वे नहीं सुधरे तो उनका भी यही हाल होगा।

लिफाफे में कटा हाथ देख दुकानदार के उड़े होश

जब दुकानदार ने संदेह होने पर उस सफेद लिफाफे को खोला, तो भीतर का खौफनाक मंजर देखकर उसकी चीख निकल गई। लिफाफे के अंदर एक व्यक्ति का कलाई के पास से कटा हुआ ताजा हाथ पड़ा था, जिससे खून रिस रहा था। दुकानदार का शोर सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय निवासी मौके पर इकट्ठा हो गए। देखते ही देखते पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर सहम गए।

पंजाब में बस यात्रियों के लिए राहत भरी खबर, रोडवेज-पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों ने खत्म की हड़ताल

जालंधर सिटी लाइव


बाकी मांगों पर 29 अक्टूबर को अंतिम फैसला लेने का भरोसा दिया



पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के कच्चे कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर दी है। पंजाब सरकार के साथ हुई बैठक के बाद कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल खत्म कर बस सेवाएं बहाल करने का ऐलान किया। वित्त मंत्री ने भी हड़ताल समाप्ति की जानकारी दी। सरकार ने बाकी मांगों पर 29 अक्टूबर को अंतिम फैसला लेने का आश्वासन दिया है। बता दें कि कर्मचारियों ने 21 अक्टूबर से हड़ताल शुरू की। कर्मचारी लगातार धरना दे रहे थे। शनिवार को पीआरटीसी मुख्यालय में पंजाब के ट्रांसपोर्ट मंत्री के साथ पैनल बैठक हुई। इस बैठक में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें रखीं। सहमति बनने के बाद सरकार ने उन्हें लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने का भरोसा दिया। 26 और 27 अक्टूबर से आउटसोर्स कर्मचारियों को कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त करने और जॉइन करवाने के लिए ट्रांसपोर्ट मंत्री की ओर से जॉइनिंग लेटर दिए जाएंगे।

29 अक्टूबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो फिर होगा प्रदर्शन

सरकार के साथ हुई बैठक के बाद कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया और बस सेवाएं बहाल कर दीं। जत्थेबंदी ने सरकार को चेतावनी भी दी है कि यदि 29 अक्टूबर तक उनकी मांगों को लागू नहीं किया गया तो कर्मचारी दोबारा हड़ताल और धरना शुरू करेंगे। संगठन ने कहा कि इसके बाद तीखे विरोध प्रदर्शन भी किए जाएंगे। ऐसी स्थिति में पंजाब सरकार और विभाग के संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।





24 -10-2026_Layout 1 25-10-2026 00:35 Page 3

दोस्त-दोस्त न रहा...एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को गोली से उड़ाया, मौत

एक्टिवा साइड करने को लेकर हुआ था विवाद

- बताया जा रहा है कि एक्टिवा को साइड करने को लेकर विवाद हुआ था
- 6 गोलियां चलाई, जिसमें 2 सिर पर, एक कमर और एक पैर में जा लगी

जालंधर सिटी लाइव



- गंभीर हालत में अस्पताल लेकर जा रहे थे, पर रास्ते में ही दम तोड़ दिया
- गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस, अन्य पहलुओं की भी जांच

दोस्तों ने ही मारी गोलियां

मृतक के पिता ने बताया कि शुक्रवार रात को एक्टिवा साइड करने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर उसके दोस्तों ने अमित पर गोलियां चला दी। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों के आपस में 3 भाई होने की बात बताई जा रही है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

अमृतसर। अमृतसर में मामूली विवाद के बाद एक युवक की सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक्टिवा को साइड करने को लेकर विवाद हुआ था। इसी कारण हमलावरों ने करीब 6 गोलियां चलाई, जिसमें से 2 सिर पर, एक कमर और एक पैर में जा लगी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। फरार हुए आरोपियों की तलाश जारी है।

राजस्थान : कार हादसे में परिवार समेत 6 लोगों की मौत, बच्चों का करवाने जा रहे थे मुंडन

- इस हादसे में एक ड्राइवर की भी मौत हो गई है
- कुलदेवी गुड़गावां वाली माता के पास जा रहे थे
- यशोदा की 9 माह की बेटी दिव्यांशी गंभीर हैं
- मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने लिया जायजा

जालंधर सिटी लाइव



राजस्थान के चुरू में शनिवार सुबह सुबह कार हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई है। हादसे में एक ड्राइवर की भी मौत हो गई है। मृतकों की पहचान भंवर लाल शर्मा (60), उनकी पत्नी महेंद्र देवी (55), बहू कविता (28) पत्नी संदीप, यशोदा (34) पत्नी संजय, कविता का बेटा कन्हैया (4 माह) और ड्राइवर मांगीलाल नाई (31) के रुप में हुई है। यशोदा की 9 महीने की बेटी दिव्यांशी गंभीर रुप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी।

बच्चों का मुंडन करवाने जा रहे थे

जानकारी के मुताबिक पूरा परिवार कार में सवार होकर बच्चों का मुंडन करवाने के लिए कुलदेवी गुड़गावां वाली माता जा रहे थे। इसी दौरान सादुलपुर में कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई है। आसपास के लोगों ने देखा तो तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे और पीड़ितों की मदद में जुट गए। मृतकों के परिजनों को जानकारी दी गई। घटना में 7 महीने की बच्ची घायल थी, उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया।





23 साल के युवक का कारनामा!

शादी का झांसा देकर 20 महिला कांस्टेबलों को बनाया अपना शिकार

- पुलिस ने दिल्ली के बुराड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है
- अमीर कारोबारी बता महिलाओं को प्रभावित करता था

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 23 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिस पर महिला पुलिस कांस्टेबलों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप है। पुलिस जांच में करीब 20 महिला कांस्टेबलों के आरोपी के जाल में फंसने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान 23 वर्षीय विक्रांत तोमर के रूप में हुई है। उसे दिल्ली के बुराड़ी इलाके से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोशल मीडिया पर खुद को अमीर कारोबारी बताकर महिलाओं को प्रभावित करता था और फिर शादी का भरोसा देकर अलग-अलग बहानों से उनसे पैसे ऐंठता था। विक्रांत पर करोल बाग थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल को शादी का झांसा देकर 24 लाख रुपये ठगने का आरोप है। मामले में कई पीड़ित महिलाओं के अभी तक शिकायत दर्ज नहीं करवाने की बात भी सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ठगी की कुल रकम, पीड़ितों की संख्या तथा आरोपी के साथ किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका का पता लगाने में जुटी है। बताया जा रहा है कि सभी पीड़ित महिलाएं एक ही बैच की हैं। आरोप है कि विक्रांत इंस्टाग्राम पर अपनी पहचान एक अमीर कारोबारी के तौर पर पेश करता था। वह महंगी कारों और लग्जरी लाइफस्टाइल से जुड़े वीडियो साझा कर महिला कांस्टेबलों को प्रभावित करता था। इसके बाद वह महिलाओं से नजदीकियां बढ़ाता और शादी का भरोसा देकर अलग-अलग बहाने बनाकर उनसे पैसे लेता था।पुलिस के अनुसार, आरोपी की लिव-इन पार्टनर भी दिल्ली पुलिस में महिला कांस्टेबल है। आरोप है कि वह अपनी पार्टनर की बैचमेट महिला कांस्टेबलों की जानकारी जुटाकर उन्हें निशाना बनाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी महिला कांस्टेबलों को घुमाने के लिए आठ घंटे के हिसाब से महंगी कार किराये पर लेता था। इस तरह वह अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल का दिखावा कर महिलाओं को प्रभावित करता था।

पंजाब में धान खरीद में 4,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप, पंजाब को लूटने में जुटे दिल्ली के लुटेरेः सरदार परगट सिंह

- पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने किया कुक्कड़ पिंड की दाना मंडी का दौरा, किसानों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को फोन पर लगाई फटकार

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार परगट सिंह ने गांव कुक्कड़ पिंड स्थित दाना मंडी का दौरा कर धान की खरीद और लिफ्टिंग की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर धान खरीद में करीब 4,000 करोड़ रुपये के घोटाले का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब को लूटने में दिल्ली से आए लुटेरे जुटे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने शैलरों और निजी एजेंसियों के साथ प्रति बारदाना 200 रुपये का कथित सौदा किया है। सरकार की ओर से समय रहते कोई ठोस एडवांस प्लानिंग नहीं किए जाने के कारण किसानों को मंडियों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में किसानों की समस्याएं सुनने के बाद सरदार परगट सिंह ने मौके पर ही खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को फोन किया और खरीद तथा लिफ्टिंग में हो रही देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है। मंडियों में धान की आवक के अनुरूप खरीद और लिफ्टिंग की व्यवस्था नहीं की गई, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। सरदार परगट सिंह ने आरोप लगाया कि मंडियों में लिफ्टिंग की जिम्मेदारी व्यवस्थित ढंग से निभाने के बजाय सरकार ने एक चहेते शैलर को ठेका दे दिया है, जिससे मनमानी की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब खरीद और लिफ्टिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जरूरत थी, तो सरकार ने एक ही एजेंसी पर निर्भर रहने का फैसला क्यों किया? उन्होंने आशंका जताई कि ऐसी व्यवस्था के कारण किसानों और आढ़तियों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो रही है और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। धान की खरीद बंद किए जाने संबंधी सवाल पर सरदार परगट सिंह ने कहा कि पंजाब में करीब 180 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य है। जब खरीद का लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ, तो किसानों को खरीद बंद होने की बात कहकर परेशान करना कहां तक उचित है? उन्होंने कहा कि यह स्थिति सरकार की नाकामी और दूरदर्शी योजना के अभाव को उजागर करती है।

24 -10-2026_Layout 1 25-10-2026 00:35 Page 4



इन्नोसेंट हार्ट्स में आयोजित 'मार्केट डे' में युवा उद्यमियों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का किया शानदार प्रदर्शन

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। इनोसेंट हार्ट्स स्कूल, ग्रीन मॉडल टाउन और नूरपुर रोड कैम्पसों में उत्साह एवं उमंग के साथ भव्य 'मार्केट डे' का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने युवा उद्यमियों को अपनी रचनात्मकता, नवाचारी विचारों और उद्यमशीलता केकौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। दोनों परिसरों में कलात्मक कृतियों, हस्तनिर्मित उत्पादों और आकर्षक खाद्य स्टॉलों से सजे जीवंत बाज़ार का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। ग्रीन मॉडल टाउन कैम्पस में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी (अल्युमनाई) श्री ऋषि चड्ढा ने अपनी माता जी के साथ किया। वे एक उभरते हुए उद्यमी एवं डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कक्षा आठवीं में अध्ययन के दौरान मात्र 13 वर्ष की आयु में अपनी रचनात्मक यात्रा आरंभ की थी। आज उन्होंने कंटेंट क्रिएशन के प्रति अपने जुनून को डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में करियर का रूप दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता के कौशल को विकसित करने के लिए ऐसा मंच प्रदान करने पर विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की।विद्यालय के प्रिंसिपल श्री राजीव पालीवाल और डिप्टी डायरेक्टर, प्राइमरी एवं मिडिल विंग, श्रीमती हरलीन गुलरिया ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को एक्सपेरिमेंटल लर्निंग के माध्यम से उद्यमशीलता के कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और ऑर्डर देकर इस आयोजन को एक रोचक, सहभागितापूर्ण एवं ज्ञानवर्धक अनुभव बनाया। नूरपुर रोड कैम्पस। में हस्तनिर्मित उत्पादों की आकर्षक श्रृंखला ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसमें सुगंधित मोमबत्तियाँ, रेज़िन आर्ट की की-चेन, पेंडेंट, पेन होल्डर और पाउच शामिल थे, जो विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा, मौलिकता और रचनात्मक सोच को दर्शा रहे थे। खूबसूरती से तैयार की गई क्रोशिया की की-चेन, क्लच, फूल, हाथ से बनी स्क्रंचीज़, बालियाँ और चित्रकलाओं ने आयोजन में सृजनात्मकता एवं हस्तकला का अनूठा रंग भर दिया।खाने-पीने के स्टॉलों ने भी आगंतुकों को खूब आकर्षित किया। 'चॉकलेट हेवन', 'पानी पुरी', 'भेल इन ब्रू' और 'क्रंची मंची' जैसे स्टॉलों पर स्वादिष्ट व्यंजनों की विविधतापूर्ण श्रृंखला उपलब्ध थी। नूरपुर रोड परिसर की डायरेक्टर श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और प्रिंसिपल श्रीमती जसमीत बख्शी ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता, रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना की सराहना की। दोनों परिसरों में आयोजित 'मार्केट डे' रचनात्मकता और व्यावहारिक अधिगम का उत्कृष्ट संगम सिद्ध हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क, वित्तीय जागरूकता और उद्यमशील सोच को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने और भविष्य के उद्यमियों के रूप में अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर भी प्रदान किया।







केएमवी की छात्राओं ने चंडीगढ़ के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रिटेल और पर्यटन का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) के स्नातकोत्तर कॉमर्स एवं बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा छात्राओं को कक्षा की पढ़ाई से परे व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने और उनके सीखने के अनुभव को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में एम.कॉम. सेमेस्टर प्रथम एवं तृतीय, एम.बी.ए. सेमेस्टर प्रथम एवं तृतीय, बी.कॉम. सेमेस्टर प्रथम, तृतीय एवं पंचम, बी.बी.ए. सेमेस्टर प्रथम, तृतीय एवं पंचम तथा एम.कॉम. (एफ.वाई.आई.पी.) सेमेस्टर प्रथम, तृतीय एवं पंचम की छात्राओं ने चार प्राध्यापकों के साथ पूरे उत्साह से भाग लिया। छात्राओं ने चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील और एलांते मॉल का भ्रमण किया। रॉक गार्डन की यात्रा ने छात्राओं को कला एवं डिज़ाइन के क्षेत्र में रचनात्मकता, नवाचार और पुनर्चक्रित सामग्री के प्रभावी उपयोग को समझने का अवसर प्रदान किया। सुखना झील में छात्राओं ने प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया तथा मनोरंजन स्थलों के महत्त्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता प्राप्त की। एलांते मॉल के भ्रमण ने छात्राओं को आधुनिक खुदरा व्यापार की कार्यप्रणाली, ग्राहकों के साथ संवाद, विपणन रणनीतियों और उपभोक्ताओं के व्यवहार को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया। यह शैक्षणिक भ्रमण अनुभव-आधारित शिक्षा का एक प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ। इसके माध्यम से छात्राओं को कक्षा में सीखे गए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से जोड़ने का अवसर मिला। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं की सोच का दायरा बढ़ाने, उनके निरीक्षण एवं विश्लेषण कौशल को विकसित करने, आपसी संबंधों को मजबूत बनाने और टीम भावना को प्रोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अतिरिक्त, ये भ्रमण व्यापार, वाणिज्य और प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे छात्राओं के समग्र शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलता है। महाविद्यालय की डायरेक्टर प्रो. डॉ. अतीमा शर्मा द्विवेदी ने छात्राओं को कक्षा से बाहर सार्थक सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए विभाग की इस पहल की सराहना की। उन्होंने छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि करने, उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और उन्हें भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करने में ऐसी गतिविधियों के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह भ्रमण छात्राओं के लिए एक ज्ञानवर्धक एवं यादगार अनुभव सिद्ध हुआ, जिसमें शिक्षा, खोज और मनोरंजन का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इसने समग्र शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के प्रति महाविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी और मजबूत किया।उन्होंने स्नातकोत्तर वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग की प्रमुख डॉ. सबीना बत्रा तथा अन्य प्राध्यापकों द्वारा ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए किए गए अथक प्रयासों की भी सराहना की।



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज
स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।
EDITOR :
RAMESH CHANDER NAYYAR
Title Code : PUNHIN01951
Contact No : 9855559913
Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.

